मेरा दिल दीवाना काली कमली वाले का हो गया

मेरा दिल दीवाना काली कमली वाले का हो गया,
मैंने देखा एक नजर ही दिल मेरा लेकर हो गया,
मेरा दिल दीवाना काली कमली वाले का हो गया...

मेरा यार हुआ दिलदार हुआ मेरा प्यार हुआ संसार हुआ,
मैं भूल गई दुनिया सारी मेरा सब कुछ लाख दातार हुआ,
मुझको काले नैनो की डोरी में पिरो गया,
मेरा दिल दीवाना काली कमली वाले का हो गया

मैं उड़ने लगी अम्बर में धरती पे नहीं है पाँव मेरे,
अब काली कमली वाला खुशियों की बरसात करे,
मुझे प्रीत के झरने में वो सांवरिया आज भिगो गया,
मेरा दिल दीवाना काली कमली वाले का हो गया

मेरे सँवारे की रग रग में अब प्रेम सरिता बहती है,
कहते है सारी दुनिया सुनी पागल जैसे रहती है,
मैं पागल हो गई शर्मा अब श्याम का जादू हो गया,
मेरा दिल दीवाना काली कमली वाले का हो गया

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5296/title/mera-dil-diwana-kaali-kamli-vaale-ka-ho-geya-maine-dekha-ek-najar-hi-dil-mera-lekar-ho-geya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |